17/10/2024	पत्रावली आज पेश हुई। माननीय राजस्व मंडल अज-मेर द्वारा पारित निर्णय दिनांक 17/05/2024 के अव-लोकन से यह विदित होता है कि रेस्पोंडेन्ट संख्या 01 रतनाराम द्वारा प्रकरण के अन्तर्गत न्यायालय हाजा द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 27/09/2023 के विरुद्ध निगरानी टी.ए. 5626/2023 माननीय राजस्व	

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhaskar Bishnoi
Date: 2025.05.05 15:59:15 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	मंडल अजमेर के समक्ष प्रस्तुत की गई। उपरोक्त निगरानी के अन्तर्गत माननीय राजस्व मंडल अजमेर द्वारा निर्णय दिनांक 17/05/2024 के अनुसार "प्रार्थी निगरानीकार द्वारा प्रस्तुत निगरानी आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है तथा अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी पाली द्वारा पारित निगराधीन आदेश दिनांक 27/07/2023 निरस्त किया जाता है। प्रकरण परीक्षण न्यायालय उपखंड अधिकारी मुकाम सोजत को प्रतिप्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि वे प्रस्तुत प्रकरण में अप्रार्थीगण से जवाब प्रार्थना पत्र प्राप्त कर, विद्वान अभिभाषकगण उभयपक्ष की गुणावगुण के आधार पर बहस सुनने के उपरान्त विधिसम्मत रूप से प्रकरण का पत्रावली प्राप्ति के 01 माह के अंदर निस्तारण करे" के निर्देश प्रदान किये गये हैं। माननीय राजस्व मंडल द्वारा अपने निर्णय के जरिये हाज़ा न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश अपास्त कर प्रकरण सीधे ही अधीनस्थ न्यायालय को निस्तारण किये जाने बाबत निर्देशित किया गया है। ऐसी स्थिति में हाज़ा न्यायालय के समक्ष उक्त अपील का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अतः उक्त अपील सारहीन होने से खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद आवश्यक कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।	

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhaskar Bishnoi
Date: 2025.05.05 15:59:15 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner